हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

रजिस्टर में कर्मियों के नहीं मिले दस्तखत 10



उद्यान देखने पहुंची महापौर को वार्डवासियों का झेलना पड़ा विरोध 10








## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। महागौरी का आराधना मंत्र है-श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## रिसाली निगम का बजट : सफाई टेंडर के विरोध का सदन में अजीबोगरीब घटनाक्रम

# सता पक्ष के पार्षद धरने पर बैठे, मेयर ने भी दिया समर्थन

### 210.94 करोड़ का बजट बहुमत से पारित, कोई नया कर नहीं, आय के स्त्रोत बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रिसाली नगर निगम की बैठक में तब अजीबोगरीब हालात देखने मिला जब सफाई टेंडर के विरोध में कांग्रेस के पार्षदों के साथ मेयर ने भी अपना समर्थन व्यक्त किया। शुक्रवार को मेयर शशि सिन्हा ने अपने शहर सरकार का चौथा वार्षिक बजट 2025-26 प्रस्तुत किया। इस निगम में कांग्रेस सत्ता है। कांग्रेस के पार्षद ने इस मामले को उठाया और हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेस के 10 पार्षद सफाई ठेके पर विरोध व्यक्त करते हुए गर्भगृह तक पहुंचे और धरना देना शुरू कर दिया। मेयर शशि सिन्हा ने भी उन्हे अपना समर्थन देने की बात कही। इस तरह कुल 11 कांग्रेसी पार्षदों का विरोध रहा। लेकिन 18 भाजपा व कुछ कांग्रेस पार्षदों के बहुमत से यह प्रस्ताव पारित कर लिया गया। 210.94 करोड़ के बजट में रिसाली निगम क्षेत्र की जनता को राहत पहुंचाई गई है। कोई नया कर नहीं लगाया गया है।

### इस तरह हुई विवाद की शुरूआत

रिसाली निगम की बजट बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 2 में एसएलआर सेंटरों के कचरे को अलग अलग कर गीले कचरे से खाद तैयार करने का प्रस्ताव पेश किया गया। इस पर 3 करोड़ 29 लाख 82 हजार 400 रुपए व्यय होना है। कांग्रेस के पूर्व एमआईसी मेंबर चंद्रभान सिंह ठाकुर ने इस प्रस्ताव पर ऐतराज करते हुए कहा कि निगम की सालाना वास्तविक आय कितनी है यह सदन पटल पर रखी जाए। एमआईसी के राजस्व प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह निगम के इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त है। इसलिए सभापति केशव बंछोर ने राजस्व अधिकारी से इसका जवाब दिलवाया। राजस्व अधिकारी ने बताया कि विभिन्न करों से 21 से 22 करोड़ रुपए आय होती है। पार्षद ठाकुर ने कहा कि पहले ही केवल सफाई टेंडर पर 12 करोड़ रुपए खर्च निगम कर रही है। वर्तमान प्रस्ताव में 31982400 रुपए खर्च होंगे। इस तरह कुल 15 लाख से ज्यादा केवल सफाई पर खर्च हो रहे हैं। इससे स्थापना, कर्मचारियों का वेतन, वाहनों का डीजल व निगम मद से अन्य कार्य नहीं हो पाएंगे।


सभापति केशव बंछोर व सफाई टेंडर का विरोध करते हुए धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद।

### एमआईसी से मंजूर होकर आया था यह प्रस्ताव

प्रस्ताव क्रमांक 2 को मेयर इन कौंसिल से पारित होकर सामान्य सभा के लिए भेजा गया था। कांग्रेस पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर ने सभापति केशव बंछोर से कहा कि इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। सभापति ने कहा कि आपको जबाब चाहिए था हमने दिलवाया दिया। इससे नाराज होकर पार्षद ठाकुर धरने में अकेले बैठ गए। उसके बाद पार्षद के समर्थन में महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, पार्षद जमुना ठाकुर, सोनिया देवांगन, विनय नेताम, रोहित धनकर, पार्वती महानंद ने साथ देते हुए जमीन पर बैठ गए। हालांकि पुनः निविदा बुलाने के पक्ष में केवल 11 पार्षद थे। इसके बाद सभापति ने एस.एल.आर.एम. संचालन के लिए एजेण्डा में शामिल निविदा दर को पारित किए जाने की तभी मेयर भी उठकर समर्थन व्यक्त किया। तब सभापति ने मेयर से कहा कि बजट आपने ही लाया है। आप अपना ही विरोध कर रहे हैं। इस पर झेप कर बैठ गई। लेकिन बहुमत के दौरान उन्होने खड़े होकर कांग्रेसी पार्षदों के साथ विरोध व्यक्त किया।

### इन मुद्दों पर सदन में चर्चा

- नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने निगम की आय बढ़ाने पर जोर दिया। बजट में इसे दरकिनार करने पर आपत्ति जताई। जिसमें उमरपोटी और धनोरा को निगम में शामिल करने की बात कही। वार्डों का नियमितीकरण, बाजारों से आय आदि बातें रखी।
- भाजपा पार्षद धमेन्द्र भगत ने मरोदा मुक्तिधाम में लकड़ी की व्यवस्था करने,निगम का शव वाहन व स्वचलित शौचालय, बुजुर्गों के लिए दशहरा मैदान में बैठक व्यवस्था, बीआरपी चौक में सुलभ शौचालय, पेयजल आदि बातें रखी।
- भाजपा पार्षद रमा साहू ने पेयजल मुद्दा उठाया। उन्होने वर्तमान गर्मी में कई इलाकों में पानी नहीं आना बताया। उनके जवाब में अधिकारियों ने बताया कि ऐसे इलाकों में किराए के टैंकर से पानी पहुंचाएंगे। 134 करोड़ रुपए की योजना का प्रस्ताव भेजा गया है।
- भाजपा पार्षद विधि यादव ने कचरे से खाद बनाने के प्रस्ताव पर कहा कि कचरा अलग ही नहीं किया जा रहा है। इसलिए बजट में इसे शामिल करने का कोई औचित्य ही नहीं दिखता।
- सदन में ईडब्ल्यूएस की जमीन का मुद्दा गरमाया रहा। इस जमीन पर कब्जों को हटवाने और सभी वार्डों में स जमीन का चिहिंत कर उसे संरक्षित करने के लिए सभापति बंछोर ने छह सदस्यीय समिति बनाई है।

### एक नजर आय व्यय पर

| | |
|---|---|
| अनुमानित बजट- | 211 करोड़ |
| राजस्व आय - | 62.79 करोड़ |
| पूंजीगत प्राप्तियां - | 148.21 करोड़ |
| राजस्व व्यय - | 62.78 करोड़ |
| पूंजीगत - | 148.16 करोड़ |

### सामान्य सभा में पारित एजेण्डा

- डी.पी.एस. चौक से कल्याणी मंदिर सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु प्रस्ताव (डी.पी.आर.) प्रस्तुत करने अनुमति।
- स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटरों से पुनर्चकित किये जाने योग्य कचरे के पृथकीकरण एवं गीले कचरे खाद तैयार किये जाने कार्य हेतु दर स्वीकृति।
- अंबेडकर स्कूल स्टेशन मरोदा से सी.आई.एस.एफ. बटालियन नेवई उतई पाटन मुख्य मार्ग तक विद्युतिकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण की पुष्टि एवं दर स्वीकृति कर बजट आबंटन एवं कार्यादेश।
- छत्तीसगढ़ नगर पालिका (भवन, भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2021 भवन, भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण वर्ष 2025-26।



## खबर संक्षेप



### साइंस कॉलेज परिसर में खुलेगा स्टार्टअप सेंटर

**दुर्ग।** जिले में आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने जिला मुख्यालय स्थित साइंस कालेज परिसर में शीघ्र स्टार्टअप सेंटर का शुभारंभ होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साइंस कालेज परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम से संलग्न कक्ष जिसमें स्टार्टअप सेंटर स्थापित किया जाएगा का अवलोकन किया। उन्होंने प्रोग्राम मैनेजर समिरन मित्रा, पीएमयू अयाज खान और सुश्री यामिनी से स्टार्टअप गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही सेंटर में आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। ज्ञात हो कि स्टार्टअप पहल का लक्ष्य नवाचार और उद्यमशीलता के लिए एक ऐसा सुदृढ़ परिस्थितिकी तंत्र निर्मित करना है जो कर लाभ, सरल अनुपालन और वित्त पोषण के अभिगम जैसे उपायों के माध्यम से स्टार्टअप्स की सहायता कर आर्थिक विकास और रोजगार को बढ़ावा दें। स्टार्टअप इंडिया पहल का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप का समर्थन करना और निवेश को प्रोत्साहित करना है।

### दो दिवसीय आदिवासी नृत्य स्पर्धा 26 से

**दुर्ग।** केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के महासचिव नीलकंठ गढ़े, सलाहकार सीताराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर भगवान बिरसा मुंडा की 15 फिट प्रतिमा निर्माण एवं सजावट के लिए मांग पत्र सौंपा गया। ज्ञातव्य हो कि 11 फरवरी 2024 को धमधागढ़ में वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस एवं मंत्री, विधायक सम्मान समारोह में महासभा के अनुरोध पर आदिवासियों बिरसा मुंडा की 15 फीट प्रतिमा निर्माण करने 25 लाख की राशि एजेंसी से नगर निगम दुर्ग को प्राप्त हुई। वर्तमान में कुल लागत राशि 42.64 लाख का मूल्यांकन हो रहा है। इस अवसर पर नगर की ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के तत्वावधान में आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता राज्य स्तरीय आयोजन के लिए मुख्य अतिथि की आसंदी के लिए अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर दिलीप ठाकुर भी मौजूद रहे। दो दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम 26 एवं 27 अप्रैल को सिविल लाइंस में होगा।

### दुर्ग जिले के 53 युवा बने अग्निवीर

**दुर्ग।** अग्निवीर थल सेना के लिए वर्ष 2024-25 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए आवासीय एवं गैर आवासीय शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अग्निवीर भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा रायगढ़ में आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम भारतीय थल सेना द्वारा 21 मार्च को घोषित किया गया है। जिसके अनुसार दुर्ग जिले से कुल 53 अभ्यर्थी अग्निवीर भारतीय थल सेना के लिए चयनित हुए है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2025-26 के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# जिपं की समितियों से कांग्रेस का सफाया, भाजपाइयों ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत में शुक्रवार को स्थाई समितियों के लिए सभापति और सदस्यों का चुनाव किया गया। गहमागहमी के बीच निपटे इस चुनाव में कांग्रेस सदस्यों को भी सभापति बनने की उम्मीद थी। लेकिन प्रत्येक समिति में सभापति और सदस्य बनने के बाद स्वास्थ्य समिति में एक भी भाजपा भाजपा सदस्य शेष नही रह गए। अधिकतम एक सदस्य तीन समिति से अधिक के सदस्य नही बन सकते है। ऐसे में कांग्रेस सदस्यों को सभापति बनने की उम्मीद थी। लेकिन भाजपा सदस्यों ने इसका चुनाव ही नही कराया और कांग्रेस सदस्यों के उम्मीदों पर पानी फिर गया।

जिला पंचायत के बारह सीट में सात भाजपा और कांग्रेस के पांच सदस्य हैं। जिला पंचायत सभा कक्ष में शुक्रवार को विरेन्द्र सिंह अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पंचायत के स्थायी समिति के सदस्यों, सभापति का निर्वाचन कार्य किया गया। जिसमें सामान्य प्रशासन समिति में सभापति सरस्वती बंजारे, सदस्य पवन शर्मा, सदस्य नीलम राजेश चन्द्राकर, सदस्य जितेन्द्र यादव, सदस्य श्रद्धा साहू, सदस्य कल्पना नारद साहू, सदस्यों को निर्वाचन किया गया। वही कृषि समिति में सभापति नीलम राजेश चन्द्राकर, सदस्य जितेन्द्र यादव, सदस्य श्रद्धा साहू बने।

## निर्दलीय जीतकर आई प्रिया साहू को छोड़कर सभी सदस्य को मिला सभापति का पद

### सभापति के बगैर रह गई स्वास्थ्य समिति

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में सभापति रिक्त रह गए। इसमें सदस्य जितेन्द्र यादव, सदस्य सुश्री प्रिया साहू का निर्वाचन हुये है। कांग्रेस सदस्य अगर सभापति बनते तो उन्हें सामान्य प्रशासन समिति में लेना पडता। ऐसे में भाजपा सदस्यों ने कांग्रेस सदस्यों को मौका ही नही दिया। अंतिम में स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति का गठन पूरा करने भाजपा की ओर से कांग्रेसियो से सहयोग मांगा इस पर कांग्रेसी सदस्यों की ओर से सभापति का पद देने पर सहयोग का प्रस्ताव रखा गया जिसमें बात नहीं बनी इसकी वजह से उक्त समिति में पूरे तीन सदस्य नहीं होने के कारण इसका गठन पूरा नहीं हो सका।



### प्रिया साहू को छोड सभी बने सभापति

जिला पंचायत दुर्ग के स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापति का आज निर्वाचन हुआ। इसमें भाजपा के नीलम चन्द्राकर, जितेन्द्र यादव, श्रद्धा साहू एवं कल्पना साहू अलग अलग समितियों के सभापति निर्वाचित हुए वहीं स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद भाजपा खेमे शामिल प्रिया साहू सभापति नहीं बन पाई जबकि भाजपा खेमे के शेष सभी सदस्य किसी न किसी समिति के सभापति है स्थायी समितियों के गठन के दौरान निर्धारित तीन सदस्य नहीं होने के कारण जिला पंचायत में स्वास्थ्य व स्वच्छता समिति के सभापति का चुनाव नहीं हो सका।

विडंबना : पालक संघ ने स्कूल तोड़ने पर लगाई आपत्ति, फिर भी निगम उतारू

# प्राचीन स्कूल के अस्तित्व की लड़ाई पहुंची निगम से जिला प्रशासन तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अंग्रेज शासनकाल में बने शिक्षक नगर के पुत्रीशाला को निगम प्रशासन तोडने पर उतारू हो गया हैं। तिलक कन्या पुत्री शाला में सैकडों गरीब बच्चे पड रहे है। पूर्व में पानी टंकी बनाने के लिए स्कूल को तोडने पर स्कूल पालक संघ ने आपत्ति जताई थी। उन्होने शिक्षा विभाग के बीईओ गोविंद साव के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज कराई। लेकिन इस बार फिर महापौर सहित एमआईसी के सदस्य कलेक्टर से अनुमति लेने गए थे। कलेक्टर को वहां टंकी बनाना आवश्यक होने का हवाला दिया हैं।

लिखित आपत्ति के बाद भी शुक्रवार को कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को एक बार फिर निरिक्षण करने के निर्देश दिए जाने से हडकंप मची रही। इसकी जानकारी पालक संघ तक भी पहुंच गई है। उन्होने भी इस फिर से आपत्ति जताई हैं।

**खास बातें**

- पानी टंकी बनाने तोड़ा जा रहा है दशकों पुराना कन्या पुत्री शाला का भवन
- स्कूली बच्चों को लेकर पालकों की चिंता बढ़ी
- पालक संघ ने जताई चिंता

### दुर्ग एमआईसी ने फिर मांगी सहमति




### सहेजकर रखना है धरोहर

ऐतिहासिक स्कूलों को लेकर राज्य शासन ने सक्त निर्देश जारी किए है। जिसमें ऐतिहासिक स्कूलों को सहेजकर रखने है। इसे तोडना तो दूर बल्कि इसे मूल स्वरूप से भी छेडछाड नही किया जा सकता हैं। इसके लिए राज्य शासन ने सक्त निर्देश जारी किए गए है। इसके बाद भी निगम के इस निर्णय ने सवाल खडे कर दिया हैं।

### महापौर ने सौंपा ज्ञापन

शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा वार्ड क्रमांक 32 स्थित टंकी निर्माण कार्य किये जाना प्रस्तावित है। महापौर अलका बाघमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत-यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार के साथ टंकी को लेकर अनुमति के लिए एवं कार्य प्रारंभ करने सहित अनापत्ति प्रदान करने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर चर्चा करते हुए आग्रह किया। महापौर ने बताया कि शिक्षक नगर पुराने पानी टंकी के स्थान पर 1500 (केएल) का उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कर प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि, पूर्व में विधायक गजेंद्र यादव के द्वारा स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा के परिसर में ही नई पानी टंकी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, जितेंद्र सिंह राजपूत मौजूद रहें।

### निगम ने पहले भी तोड़कर नहीं बनाया स्कूल

इससे पहले गंजपारा वार्ड में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को नगरनिगम द्वारा तोडा गया था। स्कूल भवन तोडकर यहां कर्मिशयल काम्प्लेक्स बनाने की योजना थी, वही उपर में स्कूल भवन संचालित किया जाना था। पूर्व पार्षद श्रध्दा सोनी ने भी लगातार फंड जारी कराने का प्रयास किया था। उन्होने बताया कि, भवन तोडे पांच साल से अधिक समय हो चुका है। आज तक भवन नही बनाया गया है। यहां के डेढ सौ से अधिक बच्चों को तीन किमी दूर सरदार वल्लभाई पटेल शनिचरी बाजार स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। जिससे आज भी पालकजन निगम के इस कारनामे से खपा हैं। गया नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में नगरनिगम द्वारा व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया। यहां एग्रीमेंट के तहत दुकान से आने वाले किराए से स्कूल का संचालन करना था। लेकिन स्कूल आज भी फूटी कौडी नही मिलती है। हालात यह रहता है कि, स्कूल में आय दिन बिजली बिल नही पटने से बिजली कांटने की नौबत आन पडती है। हाल ही में बोर्ड परीक्षा के बीच बिल नही पटने से कनेक्शन कांट दिया गया था। स्कूल की जमीन पर दुकाने बनाने वाले निगम ने आज तक इसे गंभीरता से नही लिया हैं।

**अंग्रेज शासनकाल से है स्कूल संचालित**

यह पुत्री स्कूल अंग्रेज शासन काल से बना हुआ हैं। इस जमाने के राजा जगतपाल के नेतृत्व में किला रूपी ईंट से तैयार किया गया था। ऐसे में इस स्कूल को तोडने के बजाय दूसरे विकल्प पर सोचना चाहिए। इस स्कूल का चयन आत्मानंद स्कूल के लिए भी किया जाना था।

**-राजेश यादव,** पूर्व सभापति नगरनिगम दुर्ग

**कलेक्टर से मिलेंगे**

पुत्रीशाला स्कूल को तोडने के बजाय दूसरा रास्ता निकालना चाहिए। स्कूल को तोडना सही नही है। हम इस मसले में कलेक्टर से मुलाकात कर स्कूल की मूलस्वरूप को वैसे ही रखने की मांग करेगें।

**-धीरज बाकलीवाल,** पूर्व महापौर

# रजिस्टर में कर्मियों के नहीं मिले दस्तखत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार आज 10:30 सुबह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने 10:30 बजे नगर निगम के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण से कर्मचारियो में हड़कंप मच गया।

- महापौर ने निगम के विभागों का किया औचक निरीक्षण

उन्होंने सभी विभागों के हाजिरी रजिस्टर चेक किए तो कइ कर्मचारियो का साइन नही मिला। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर की। महापौर ने कहा अधिकारियों से कहा कि कर्मचारियो से ले मूल पद का काम, चतुर्थ श्रेणी को ड्रेस पहनकर निगम दफ्तर आये। महापौर द्वारा सभी विभागों का बारी-बारी निरीक्षण किया। विभागों में पहुंचकर रजिस्टरों की जांच की।

### कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, लोक सेवा केंद्र, राजस्व विभाग, बाजार विभाग एव संपत्तिकर विभाग, टैक्स कलेक्शन काउंटर, आवक जावक, पेंशन शाखा में वृद्धि पेंशन की जानकारी ली। महापौर ने विभागों का कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर रजिस्टर जांच किए। उन्होंने कर्मचारियों को सतत निर्देश दिए हैं कि, कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5.30 बजे का अनिवार्य रूप से पालन करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने पहले स्थापना शाखा से शुरुआत की वहां अनुकंपा की जानकारी ली। उसके बाद अभियंता कक्ष, लेखा विभाग, अतिक्रमण विभाग, जनसंपर्क विभाग, लोक कर्म विभाग, जन्म मृत्यु लाइसेंस विभाग के कर्मचारियो से कहा कि किसी भी हितग्राहियों को परेशान न करे उनसे नम्रता से बात कर उनका काम जल्द करवाने की कोशिश करें।

### युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण मिलेगा

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय, भोजन व्यवस्था के साथ प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है।

## सीएम का माना आभार...



दुर्ग। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राकेश पांडेय शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर नियुक्ति के लिए आभार जताया। श्री पांडेय ने बोर्ड के महत्वपूर्ण मसलों पर सीएम से चर्चा भी की।

# मनरेगा मजदूरों को अब मिलेगी 261 रुपए मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों की सैलरी में बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है।इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल 2025 से पुरानी दर 243 रुपए से 18 रूपये की बढ़ोतरी करते हुए केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने मनरेगा मजदूरी दर 261 रुपए कर दी है।

मजदूरी 261 रुपये की प्रति कार्य दिवस की दर से मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव का नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। यह नवीन दर 1 अप्रैल से ही लागू कर दी गई है। एक अप्रैल से मनरेगा मजदूरी की राशि सीधे आधारकार्ड बैंक से लिंक करने पर खाते में जमा होगी, इससे श्रमिकों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मजदूर देश के किसी भी कोने में जाकर ग्राहक सेवा केंद्र एवं बैंक से अपनी मजदूरी की राशि निकाल सकेंगे।

# दीपक नगर सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर नव-निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्राचीन सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर दीपक नगर की नव निर्माण के लिए भूमिपूजन विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर श्रीमती अल्का बाघमार ने किया। ज्ञात होगी यह मंदिर 1972-1973 में बनकर तैयार हुआ था। मंदिर अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हो चुका था। विधायक गजेंद्र यादव ने मंदिर के नव निर्माण के लिए विधायक निधि से 20 लख रुपए देने का घोषणा की है। इसके अलावा मंदिर के संरक्षक

- नवनिर्माण में एक करोड़ रुपए की अनुमानित लागत



विजय अग्रवाल, हितेश पटेल, सुधीर अग्रवाल, संतोष गोलछा, कांति पारख, राजेश सिंह, राजेश शुक्ला एवं समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट ने सहयोग प्रदान किया है। लगभग एक करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से तैयार होने वाला यह हनुमान मंदिर अपने आप में आस्था एवं भव्यता का अनूठा संगम होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अनूप गटागट ने निर्माण की रूपरेखा अतिथियों के समक्ष रखी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कोषाध्यक्ष विजय जलकारे ने मंदिर के इतिहास के विषय में बताया। महापौर अल्का बाघमार ने मंदिर निर्माण हेतु समिति को बधाई दी।

जीआरपी दुर्ग जांच में जुटी

# शिवनाथ एक्सप्रेस के एसी कोच से महिला का 65 लाख का डायमंड पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिवनाथ एक्सप्रेस से यात्रा कर रही एक महिला का पर्स से लाखों रुपए का डॉयमंड पार होने का मामला सामने आया है। शिकाय पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जीआरपी दुर्ग ने बताया कि रेलटेल गुजराती भवन के पास गोंदिया निवासी हीना दिनेश भाई पटेल गोंदिया रेलवे स्टोेशन से रायपुर के लिए शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रन 18240 में सवार होकर निकली थी। अपने साथ सामान के अलावा एक पर्स भी रखी हुई थी, दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचते ही ट्रेन में रखा गया पर्स गायब हो गया। पर्स गायब होने पर महिला आसपास खोजबीन करने लगी। पर्स नहीं मिलने पर ट्रेन में ही बवाल हो गया। शिकायत जीआरपी दुर्ग से की गई। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस को महिला ने जानकारी दिया कि पर्स में नगदी 45 हजार रुपए, हीरे का दो नेक्लेस, चार अंगुठी था। जिसकी कुल कीमत 65 लाख रुपए आंकी गई है। हीना दिनेश भाई पटेल ट्रेन के सेंकड एसी के कोच नंबर एचए 1 के बर्थ 21,19 में सवार होकर जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह ट्रेन में महिला सवार थी। खबर लिखे जाने तक डायमंड चोरी करने वाले की जानकारी जीआरपी जुटा रही है।

### दुर्ग रेलवे स्टेशन की घटना



# सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर एफआईआर



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कोसा नाला पाथवे पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वहां पर 2 अप्रैल को 110 बाई 8 का फ्लैक्स लगाया गया था। 3 अप्रैल को देखने में मिला कि अज्ञात चोरों द्वारा पूरे 110×8 फिट का फ्लेक्स को काट कर हटा दिया गया है। इधर उधर देखने पर भी नहीं मिला उस फ्लेक्स में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेश पर सुपेला पुलिस थाना में जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी द्वारा शिकायत लिखित में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह भी शिकायत की गई थी कि उद्यानों में लगे फैसिंग वायर, लोहे के ग्रील, बाउंड्रीवाल, नगर निगम के मोटर पंप में लगे केबल वायर को भी चोरों द्वारा काट लिया जा रहा है।

# उद्यान देखने पहुंची महापौर को वार्डवासियों का झेलना पड़ा विरोध

## उद्यान में डोमशेड नहीं चाहते नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक पालिक सीमा क्षेत्र अंतर्गत गायत्री वार्ड क्रमांक 25 स्थित उद्यान को जीर्णोद्धार करने की नागरिकों की मांग पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार पहुँची।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार के निरीक्षण के दौरान स्थानीय रहवासियों ने डोमसेट निर्माण कार्य का विरोध किया। वार्डवासियों ने बताया कि गायत्री वार्ड क्षेत्र में एक मात्र उद्यान है। जिसका जीर्णोद्धार किया जाना आवश्यक है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने नागरिको की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उद्यान के भीतर निर्माण डोमसेट को स्थल परिवर्तन करने के निर्देश। उन्होंने कहा स्थल निरीक्षण कर डोमसेट लगाए। महापौर ने कहा कि उद्यान का बेहतर जीर्णोद्धार करवाकर जनता को सौंपे। उन्होंने संबंधित उपअभियंता श्रीमती अर्पणा मिश्रा को निर्देशित किया कि उद्यान जीर्णोद्धार कार्य के लिए अगले एमआईसी में प्रस्ताव बनाकर रखें। उन्होंने उद्यान जीर्णोद्धार कार्य में बाधित होने वाले उद्यान के आस-पास जितने भी अतिक्रमण ठेले, खोमचे व अन्य अवैध कब्जा को हटवाने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



# चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में ज्योत जवांरा का दर्शन करने उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ननकट्ठी

## ननकट्ठी में 224 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित





ग्राम ननकट्ठी में नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही श्रद्धा और भक्ति का माहौल बन गया है। शक्ति आराधना में पूरा गांव डूब चुका है। श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर, चण्डी मंदिर और दुर्गा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ 224 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। घट स्थापना के दिन से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, जो देवी भक्ति में लीन होकर पूजा-पाठ कर रहे हैं। ग्राम ननकट्ठी के हनुमान मंदिर प्रांगण में स्थित मां महामाया देवी की भव्य प्रतिमा के समक्ष 128 मनोकामना ज्योति कलश जलाए गए हैं। इनमें 16 फुलवारी और 112 अखंड ज्योति शामिल हैं। इस आयोजन में मिथलेश कुमार यादव, संतोष साहू, रमेश धनकर, घसिया राम साहू, उत्तम साहू, दिलीप कुमार साहू, बलराम साहू, महेश कुमार साहू, तेजप्रताप धनकर, लाला साहू (पंडा), संजय साहू, मनोज साहू, पप्पू साहू, मयंकबन गोस्वामी, लुकेश साहू, तृषा साहू सहित कई श्रद्धालु दिन-रात माता की सेवा में लगे हुए हैं। शीतला माता मंदिर में 59 ज्योति कलश की आस्था गांव के शीतला माता मंदिर में 59 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए, जिनमें 22 फुलवारी और 37 अखंड ज्योति शामिल हैं। जय मां शीतला सेवा समिति के सदस्य जनक लाल पटेल, समयलाल निषाद, रामनाथ ढीमर, पुनीतराम धनकर, भागीरथी साहू, शत्रुहन लाल निषाद हैं। गांव के मां चण्डीका माता मंदिर में 33 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए, जिनमें 12 फुलवारी और 21 अखंड ज्योति हैं। मां चण्डिका मंदिर समिति के सदस्य हितेश कुमार यादव, सालिकराम निषाद, बीरेन्द्र यादव, भाग्यवान निषाद, दीपक निषाद, बलदाऊ सोनवानी, धन्नू धनकर, लोकेश्वर सिंह, संतोष धनकर, बालेश्वर साहू, प्रभु पटेल, सुरेंद्र राजपूत, संजू शर्मा, सुरेश सिंह, विष्णु निरमलकर, ईशु पटेल, मंदिर पंडा, धननू धनकर, योगेश निषाद सहित अन्य भक्त माता की सेवा में लगे हुए हैं। वहीं बस स्टैंड स्थित दुर्गा माता मंदिर में 4 अखंड ज्योति कलश प्रज्जवलित है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तजन दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### संस्था अध्यक्ष के साथ गाली गलौज मारपीट

**भिलाई।** गाली गलौज कर धक्का मुक्की करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा र 296, 115(2),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि अध्यक्ष श्री गुरुसिंघ सभा सेक्टर 6 अध्यक्ष तारासिंह के साथ सरदार गुरदेव सिंह, सरदार हरचरण सिंह आनंद , सरदार मनजिंदर सिंह ने गाली गलोच कर धक्का मुक्की किया। इसके अलावा मनजीत सिंह के साथ मारपीट भी की गई। शिकायत में पुलिस को बताया गया है कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 6 भिलाई के प्रधान तारा सिंह है। उनके साथ कमेटी के कुछ सदस्यों व सामाजिक तत्वों द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार किया है। संस्था का चुनाव 6 अक्टूबर 2024 को हुआ था जिसमें तारा सिंह को चुनाव के माध्यम से जीत कर संस्था का प्रधान चुना गया। पीड़ित ने बताया कि उनकी जाति एससी है, हारने वाले उच्च जाति के व्यक्ति है। इसलिए कमेटी के सरदार गुरदेव सिंह, सरदार हरचरण सिंह आनंद , सरदार मनजिंदर सिंह अन्य असमाजिक तत्वों द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित को प्रताड़ित कर रहें है। गुरुद्वारे के वरिष्ठ सदस्य संतोष सिंह के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है।

### अवैध निर्माण हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 45 नकम्मा मोहल्ला में स्थानीय निवासियों द्वारा सी.सी. रोड को घेरकर उपर सड़क पर कब्जा कर दिवाल खड़ा किया जा रहा था। ऐसी शिकायत स्थानीय लोगो द्वारा शिवाजी नगर जोन क्रं. 04 आयुक्त अमरनाथ दुबे से की गई। जोन आयुक्त के निर्देश पर निगम का तोड़फोड़ दस्ता मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किया।

### निधन

**शांता अन्थोनी**



**भिलाई।** एमआईजी -1/368 हुडको निवासी शांता अन्थोनी उम्र 77 वर्ष का निधन 4 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 6 अप्रैल को दोपहर 3 बजे निवास स्थान से क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरू नगर भिलाई के लिए निकलेगी। वे हुडको पार्षद शिजु अन्थोनी की मां थीं।

## संपत्तिकर जमा करने 30 अप्रैल है अंतिम तारीख

# संपत्तिकर जमा करने पर एक साथ दो फायदे, पुराने पर ब्याज नहीं व नये पर छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा संपत्तिकर भुगतान हेतु 30 दिन का विशेष छूट प्रदान की गई है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मकान, दुकान मालिकों से जिनका वित्तीय वर्ष 2024-25 का बकाया संपत्तिकर का भुगतान नहीं किए है। वें सभी 30 अप्रेल 2025 तक अपने संपत्तिकर का भुगतान कर सकते हैं। करदाता को 18 प्रतिशत अधिभार एवं 1000 पेनाल्टी में 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोक सभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण, स्थानीय निकायों का निरीक्षण आदि कार्यो निकायों के अधिकारी/कर्मचारी संलग्न रहे। जिसके वजह से संपत्तिकर की वसूली प्रभावित हुई है। इसी को देखते हुए शासन द्वारा विशेष अवसर दिया गया है।

### वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर जमा करने पर विशेष छूट का ले सकते हैं लाभ




### 6.25 प्रतिशत विशेष छूट

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय शासन के आदेश के तारतम्य में नगर निगम भिलाई में वसूलीकर्ता एजेंसी परियोजना निदेशक, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड रांची शाखा भिलाई को संपत्तिकर भुगतान में वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर दाताओं को 30 अप्रैल तक विशेष छूट प्रदान करने के लिए निर्देशित किए है। साथ में भवन, भूमि स्वामियों की जानकारी के लिए निगम के प्रत्येक क्षेत्र में वार्डो में व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए भी सूचित किया गया है। इसके साथ ही जो करदाता वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर जमा करने पर 6.25 प्रतिशत का विशेष छूट का लाभ ले सकते है। इस प्रकार निगम भिलाई में दोना सुविधा उपलब्ध है।

### ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन

नागरिको के सुविधा के लिए घर बैठे आनलाईन संपत्तिकर जमा करने के लिए भी सुविधा प्रदान की गई है। आनलाईन वेबसाईट में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आएगा। ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लिक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जायेगा, जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है।

# प्रदेश के विकास में उद्योग का अहम योगदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

■ कलेक्टर औद्योगिक विकास नीति पर संभाग स्तरीय कार्यशाला

महात्मा गांधी कला मंदिर में आज औद्योगिक विकास नीति 2024-30, रैम्प तथा इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष कलेक्टर अभिजीत सिंह कहा कि देश और प्रदेश के विकास में उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है। शासन की मंशा है कि प्रदेश की जीडीपी में औद्योगिक समूह का योगदान भी हो। प्रदेश की नई औद्योगिक विकास नीति में कई ऐसे प्रावधान है, जो उद्योगों को बढ़ावा देने में सहयोगी है। इससे सकारात्मक माहौल निर्मित होगा और उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास हेतु जिला प्रशासन यहां के उद्योगपतियों को हर संभव सहयोग करेगी। कार्यशाला में केन्द्र सरकार द्वारा एम.एस.एम.ई. उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जारी रैम्प स्कीम की जानकारी ईवाय की टीम द्वारा दी गई। साथ ही राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति-2024-30 के अंतर्गत रोजगार रणनीति, नवीन पहल, समग्र औद्योगिक विकास, सूक्ष्म, लघु, मध्यम व वृहद उद्यम, औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन तथा विशिष्ट उत्पाद श्रेणी के वृहद उद्यमों के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पर परिचर्चा कर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। औद्योगिक विकास नीति के विशेष प्रावधान - नीति से राज्य के युवाओं के लिए कौशलयुक्त रोजगारों का सृजन करते हुए अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। कार्यशाला में एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा, मुख्य महाप्रबंधक उद्योग सीमन एक्का, उद्योग संचालनालय के अधिकारी श्री ऋतुराज, संभाग के सभी जिलों के महाप्रबंधक उद्योग और विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के उद्यमी उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र पंचमी पर महामाया मंदिर में माता का किया नव श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुम्हारी

■ माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रथम वर्ष मंदिर व्यवस्था के दायित्व का किया जा रहा निर्वहन

चैत्र नवरात्र का पावन पर्व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के श्रद्धालुओं द्वारा पूर्ण उल्लासपूर्वक भक्तिमय भाव से मनाया जा रहा है। वहीं ट्रस्ट बनने के बाद माँ महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से मंदिर की सम्पूर्ण व्यवस्था का भार पहली बार निर्वहन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने बताया कि माँ महामाया के मंदिर में आसपास के ग्रामीण ही नहीं अपितु देश के अनेक राज्यों के श्रद्धालु ज्योत प्रज्ज्वलित करवाते हैं तो विदेशों से भी श्रद्धालु भक्तजन दीप प्रज्ज्वलित करवाते हैं। जिनमे अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड से भी इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में दीप प्रज्ज्वलित कराया गया है। हर्ष का विषय है कि इस वर्ष हमारे 4 मुस्लिम भाइयों ने भी मां महामाया माता मंदिर में आस्था के ज्योत जलाए हैं। इस वर्ष 2172 ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं जिनमे घृत के 4 ज्योत एवं शेष तैल के हैं। पंचमी के शुभ अवसर पर नगर के श्रद्धालुओं द्वारा अनेक स्थानों में भंडारे की भी व्यवस्था की गई। परिसर के अंदर वाहन प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है एवं पूजन सामग्री की दुकानों को भी व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया है। स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मां शीतला मंदिर सेवा समिति द्वारा शीतला मंदिर में 185 तैल ज्योत जलाए गए हैं वहीं गायत्री मंदिर प्रभात चौक में 21 ज्योत जलाए गए हैं जिसमे 1 घृत एवं शेष तैल के ज्योत हैं।

### जमीन पर कब्जा बिल्डर समेत अन्य पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** जमीन पर कब्जा करने वाले के खिलाफ जुर्म कर कर पुलिस ने कार्रवाई किया है। मामले में पुलिस ने धारा 296, 3(5)-, 329(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्टर मोहम्मद शादाब ने शिकायत किया है कि कोहका में 1200 वर्गफीट को 16 अगस्त 2022 को सरोज सेन से अपनी पत्नी यास्मीन खातून के नाम पर जमीन खरीदा था। जमीन का प्रमाणीकरण कराने के बाद पत्नी के नाम से ऋण पुस्तिका प्राप्त कर जमीन में काबिज हो गया। जमीन में चारों ओर ईंट से घेरा कराकर एक झोपड़ीनुमा मकान जमीन पर कराया। इस दौरान प्रॉपर्टी पर बिल्डर अवतार सिंह और हबीबुर रहमान ने अपना होने का दावा किया। चैनल गेट में लगाए ताला को अपने साथी बिल्डर्स अवतार सिंह समेत अन्य दो साथी के साथ मिलकर तोड़ दिया। जमीन पर कब्जा करने की नीयत से प्रवेश कर इलेक्ट्रीक बोर्ड मीटर में छेड़छाड़ किया। खबर प्लाट में लगाए सीसीटीवी फुटेज से पीड़ित को जानकारी मिल पाई। इसके बाद में अपने प्लाट में जाकर देखा तो ताले की जगह दूसरे ताले से दरवाजा लॉक मिला।

# भाजपा स्थापना दिवस मनाने हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶जामगांव आर

■ नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों, सरपंचों का सम्मेलन में हुआ स्वागत

भाजपा जामगांव आर मंडल स्तरीय सम्मेलन जैन भवन जामगांव आर में शुक्रवार को आहुत हुई। जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, धनराज साहू, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, कामता साहू, कन्हैयालाल साहू मंचासिन थे। बेनीराम साहू, नरेश केला, योगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, अरुण चंद्राकर, मनीष जैन, निर्मल जैन, सीताराम साहू ने अतिथियों का स्वागत किए। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच का स्वागत भी किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारत माता की सेवा करने के संकल्प के साथ प्रारंभ हुई। 45 साल की उम्र में आज भारतीय जनता पार्टी विश्व स्तर पर संस्कार संस्कृति विकास के दम पर परचम लहरा रही। 6 अप्रैल 2025 भाजपा का जन्म दिवस है भाजपा का जन्म दिवस और रामोत्सव एक दिवस है इसलिए हर्षोल्लास के साथ मनाए जाएंगे। 2 सीट वाली भाजपा मेहनत, समर्पण, देश भक्ति और नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री के दम पर विश्व में परचम लहरा रही है।

पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, भाजपा नेता रोहित साहू, लालेश्वर साहू, कमलेश साहू, निर्मल जैन ने कहा कि जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय भाजपा जन्म दिवस 6 अप्रैल 2025 को 12 बजे अटल चौक समीप जैन भवन में मनाया जाएगा। मंडल के सभी भाजपाई एकत्र होकर भाजपा जन्म दिवस मनाए। इसके बाद वहीं मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, संयोजक निर्मल जैन ने कहा कि 6 से 14 अप्रैल तक भाजपा जन्म दिवस सप्ताह मनाए। साथ 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर की जयंती मनाया जाएगा। वहीं भाजपा नेताओं ने नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर सहित सरपंचों, उपसरपंचों का भगवा गमछा के साथ स्वागत किए। जिसमें नरोत्तम निषाद, खुमान जांगड़े, लक्ष्मण कोठारी, मनीष चंद्राकर, अंगेश्वर महिपाल, मनोज पटेल, डेरहु निषाद, लीना साहू आदि शामिल रहे। संचालन संयोजक निर्मल जैन ने किया।

# बीएसपी जमीन से कब्जाधारी जेपी सीमेंट के भवन को किया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



टाउनशिप में बेजा कब्जाधारियों और बड़े बकायादारों के खिलाफ शिकंजा तेज हो गया है। प्रवर्तन विभाग द्वारा सिविक सेंटर में एक दिन पूर्व अवैध शांप को सील करने के बाद शुक्रवार को जेपी सीमेंट के कब्जे को बेदखल किया गया। कब्जामुक्त कराई गई जमीन की कीमत 8 करोड़ रुपए है। बेदखली कार्रवाई कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढालसिंह बिसेन के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत प्रवर्तन अनुभाग ने संपदा न्यायालय द्वारा 27 मार्च को पारित डिक्री आदेश के अनुपालन में सेक्टर 1 में सीडीओ और जगन्ना बिल्डिंग, स्ट्रीट नंबर 8 और 10 के मध्य स्थित परिसर में अवैध रूप से काबिज 'मेसर्स भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड' के विरुद्ध बेदखली कार्यवाही हुई। प्रवर्तनी टीम द्वारा कब्जाधारियों को इस भवन और भूमि परिसर से पूरी तरह बेदखल किया गया।

परिसर के मुख्य द्वार सहित सभी बाहरी दरवाजों को यथावत स्थिति में सील कर दिया गया। किसी भी प्रकार की वस्तुओं की जप्ती नहीं की गई, तथा सम्पूर्ण कार्यवाही गवाहों की उपस्थिति में पंचनामे के रूप में दस्तावेजीकृत की गई। साथ ही साक्ष्य दस्तावेज इस सम्पूर्ण बेदखली कार्यवाही की संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी करवाई गई।

### तोड़ू दस्ता में थे दो सौ कर्मी व पुलिस शामिल

बकाया राशि भुगतान नहीं करने के कारण संपदा न्यायालय के आदेश पर नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा यह बेदखली कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी निजी सुरक्षा गार्ड भूमि अनुभाग, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित विभिन्न संसाधनों के साथ 200 सदस्यों की टीम शामिल रही।

### चौंतीस लाख था बकाया व डेमेजेस चार्ज

बीएसपी के इस भवन को, जिसे कम्युनिटी डेवलपमेंट ऑफिस, जगन्ना बिल्डिंग तथा तार घर के नाम से जाना जाता है, में कुल 23 कमरे हैं । यह भवन 31,850 वर्ग फीट भूमि पर निर्मित है। इस भूमि का वर्तमान सरकारी रेट के अनुसार अनुमानित मूल्य 8 करोड़ रुपये है। पूर्व में यह भवन मेसर्स भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड को लीज के रूप में आबंटित किया गया था। वर्तमान में भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड के विरुद्ध 34,68,906/- (चौंतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ छह रुपये) की बकाया राशि एवं डैमेजेज देय हैं। नवंबर 2021 से कंपनी द्वारा किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है।

### नगर पालिका परिषद कुम्हारी में कर्मचारी संघ का विस्तार



**कुम्हारी।** नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी में शुक्रवार को संघ का विस्तार कर पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें संरक्षक अतुल कुमार सिंह, अध्यक्ष विशाल साहू, महामंत्री नितिन श्रीवास, कोषाध्यक्ष सपना यादव, सचिव संजय आईच, मीडिया प्रभारी सोम प्रकाश देशमुख को सर्वसम्मति से चुना गया। चुनाव उपरांत प्लेसमेंट एवं निमित्त कर्मचारियों की समस्याओं को अवगत कराते हुए पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को त्वरित कार्यवाही किए जाने के लिए निवेदन ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कर्मचारियों की समस्या के संबंध में यथाशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बाइक सवार मंगलसूत्र पर झपटा मारकर हुआ फरार

**भिलाई।** सब्जी खरीदकर घर लौट रही महिला के साथ दुर्ग में अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने जेवरात चोरी कर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ धारा 304 (2), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि ढीमर पारा वार्ड 33 दुर्ग निवासी भारती जाधव शुक्रवार की सुबह अपने घर से सब्जी खरीदकर घर लौट रही थी। इस दौरान पीछे से बाइक सवार दो नकाबपोश युवक अचानक सामने आ गए। गले में पहनी सोने का मंगलसूत्र को झपटा मारकर फरार हो गए। महिला की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए लेकिन जब तक आरोपी मौक से फरार हो गए। उक्त मंगलसूत्र का वजन 25 ग्राम का है। जिसकी कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है। शिकायत पर पुलिस न आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि खैरागढ़ निवासी शिव कुमार पटेल शादी कार्यक्रम में शामिल होने जामुल आया हुआ था। गुरुवार की रात अज्ञात वाहन ने शिव कुमार को अपनी चपेट में ले लिया।

### जिला अस्पताल ने प्रोटेक्शन किट नहीं होने को बताया कारण, सीएस का कहना- किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

# मर चुकी संवेदनाः एचआईवी संक्रमित को 4 घंटे ओटी में रखने के बाद भगा दिया, प्रसव के बाद बिगड़ी हालत



अतुल अग्रवाल ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिला अस्पताल में सेवारत डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की मानवता संभवतः मर चुकी है। एचआईवी संक्रमित महिला के प्रसव के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। खुर्सीपार भिलाई निवासी एक एचआईवी संक्रमित महिला को पहले प्रसव के लिए पहले करीब 6 दिनों तक भर्ती रखा गया। इसके बाद ऑपरेशन के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले प्रोटेक्शन किट नहीं होने की बात कहकर प्रसव न कर सीधे मेकाहारा रिफर कर दिया।

हद तो तब हो गई जब दलाल किस्म के लोगों द्वारा इस महिला को मेकाहारा रायपुर भी पहुंचने नहीं दिया गया। हद तो तब हो गई जब निजी हॉस्पिटल प्रबंधन से कमीशनखोरी के लालच में सेटिंग कर उस महिला को एएम हॉस्पिटल चरोदा पहुंचा दिया गया। जहां अब तक पीड़ित परिवार से 25 हजार रुपए तक लिए जा चुके हैं और महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इस पूरे मामले का खुलासा पीड़ित के पति ने हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर किया। इसके बाद हरिभूमि ने सभी जिम्मेदार पक्षकारों से सीधी बात की। सभी ने इस संवेदनशाली मामले में पल्ला झाड़ने का प्रयास किया। जबकि नियमतः एचआईवी संक्रमित के प्रसव के मामले में पहले से प्रोटोकॉल निर्धारित है। इस मामले में कहीं भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया वजह किया। इस वजह से जन्में बच्चे में भी एचआईवी संक्रमित होने का खतरा बढ़ गया है। एचआईवी संक्रमित होने की वजह से हरिभूमि दंपत्ति का नाम सार्वजनिक नहीं कर रहा है, लेकिन इस मामले में दुर्ग जिला अस्पताल के प्रसूता विभाग में बरती जाने वाली लापरवाही की पोल एक बार फिर खुल गई है। लंबे समय से लेबर वार्ड में लापरवाही और कमीशनखोरी की बात सामने आते रही है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है।

### एचआईवी संक्रमित की डिलीवरी और इलाज के लिए है अलग प्रोटोकॉल

एचआईवी पीड़ित महिलाओं के बच्चों को इस गंभीर बीमारी से बचाने की कोशिश पूरे देश में चल रही है। अस्पताल में चेकअप कराने, डिलीवरी कराने और 18 महीने तक पैदा हुए बच्चे को फॉलो करते हैं। सातवें महीने में गर्भवती महिला को आईसीटीसी में दवा पिलाई जाती है। डिलीवरी के तुरंत बाद भी मां और बच्चे को दवा पिलाई जाती है। बच्चे का लगातार एचआईवी टेस्ट होता है। अगर 18 महीने तक बच्चे की टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो उसे सेफ बता दिया जाता है। पॉजिटिव गर्भवती महिला का प्रसव के समय कुछ विशेष अधिकार और डॉक्टरों के विशेष कर्तव्य होते हैं, ताकि मां और बच्चे दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सबसे पहले ऐसे मामले को गोपनीय रखना आवश्यक है। किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित कराया जाना चाहिए। उन्हें उचित इलाज और देखभाल का अधिकार है। डिलीवरी से इंकार करना, भेदभाव करना या बिना उचित कारण के उसे रिफर कर देना अवैध माना गया है। धारा 3 में कहा गया है कि किसी को एचआईवी की स्थिति के आधार पर इलाज, रोजगार, शिक्षा, सार्वजनिक स्थानों या हेल्थकेयर सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। स्वास्थ्य सेवाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। डॉक्टर या अस्पताल निजी हो या सरकारी इलाज से मना नहीं कर सकता। ऐसा करने पर इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा। एचआईवी एक्ट 2017 के तहत केस दर्ज किया जा सकता है।

### प्रसूता को 27 मार्च को दोपहर करीब तीन बजे कराया गया था भर्ती

महिला के पति ने बताया कि उनकी पत्नी को प्रसव के दर्द के बाद 27 मार्च को दोपहर करीब तीन बजे मितानिन के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी पत्नी को डॉ. ममता पांडेय देख रही थीं। उन्होंने पहले ब्लड के इंतजाम के बाद ही ऑपरेशन की बात कही। इस पर दो बॉटम ब्लड का इंतजाम 29 मार्च तक कर लिया गया। इसके बाद भी महिला का ऑपरेशन नहीं किया गया। महिला को एचआईवी संक्रमित होने की बात की जानकारी के बाद उसके पति से लगातार दुर्व्यवहार किया गया। 6 दिन भर्ती रखने के बाद 2 अप्रैल की सुबह महिला की डिलीवरी किया जाना तय किया गया। सुबह करीब 9 बजे से 12 बजे तक उसे ऑपरेशन थिएटर में जांच और अन्य के नाम पर रखा गया। बाद में महिला के पति खुद 11 नंबर के कमरे डॉक्टर को बुलाने गए। बाद में डॉ. ममता पांडेय प्रसूता को देखने पहुंची। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर में प्रोटेक्शन किट नहीं होने की बात कहते हुए ऑपरेशन से इंकार कर दिया। साथ ही महिला को मेकाहार रायपुर रिफर कर दिया। इस प्रकार सारे नियम-कायदों की धज्जियां उड़ा दी गई।

### मेकाहारा न पहुंचाकर पहुंचा दिया प्राइवेट हॉस्पिटल

इस गरीब परिवार की महिला को 6 दिन जिला अस्पताल में रखने के बाद महज प्रोटेक्शन किट नहीं होने की बात कहकर मेकाहार रायपुर रिफर कर दिया गया। बात यही समाप्त नहीं हुई, इसके बाद एक दलाल की एंट्री होती है, जिसने कमीशनखोरी के लालच में महिला को मेकाहारा ले जाने के बजाए एमएम हॉस्पिटल चरोदा ले जाने की सलाह दी। महिला के मुताबिक उस व्यक्ति ने बताया कि 30 से 40 हजार में डिलीवरी हो जाएगी। शुरुआत में सिर्फ 10 हजार रुपए जमा करने होंगे। 2 अप्रैल की इस घटना में दोपहर को महिला का ऑपरेशन हुआ और उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद से लगातार बच्चे के पिता को पैसे के लिए इधर से उधर चक्कर लगवाए जा रहे हैं। गरीब ठेकेदारी का काम करने वाला एचआईवी संक्रमित पिता अब पैसे नहीं होने की वजह से आत्महत्या करने की बात कह रहा है।

### प्रोटेक्शन किट नहीं, इसलिए प्रसूता को किया रेफर

" प्रोटेक्शन किट नहीं होने की वजह से ऑपरेशन नहीं किया, सीएस को जानकारी दी प्रोटेक्शन किट नहीं होने की वजह से ऑपरेशन नहीं किया गया। इसकी जानकारी मैंने सिविल सर्जन को दे दी थी। महिला की हालत खराब थी, इसलिए मेकाहार रिफर करने का निर्णय लिया। इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं बता सकती।

**डॉ. ममता पांडेय,** चिकित्सक जिला अस्पताल दुर्ग

### प्रोटेक्शन किट पर्याप्त मात्रा में, मरीज अपनी मर्जी से गई

" अस्पताल में प्रोटेक्शन किट पर्याप्त मात्रा में है, मैंने डॉ. पांडेय को इस बारे में जानकारी दी थी। पहले मरीज का रिफर बना दिया गया था, बाद में उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन मरीज अपनी मर्जी से गया।

**डॉ. हेमंत साहू,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल दुर्ग

### सरकारी अस्पताल के जिम्मेदार पल्ला झाड़ रहे

" सरकारी अस्पताल के जिम्मेदार पल्ला झाड़ रहे हैं, आपने जिस प्रकार की जनकारी दी है, उसके मुताबिक यदि प्रोटेक्शन किट नहीं था, तो ऑपरेशन थिएटर में ही रखने की क्या जरुरत थी। एचआईवी संक्रमित के प्रति ज्यादा संवेदना आवश्यक है। जिला अस्पताल की लापरवाही की वजह से यदि बच्चा पॉजीटिव हो जाएगा तो कौन जिम्मेदारी लेगा। मामला संवेदनशील है, जांच होनी चाहिए।

**रिंकी अरोरा,** अध्यक्ष एचआईवी पॉजीटिव नेटवर्क छत्तीसगढ़

### मरीज के बारे में मुझे पूरी जानकारी नहीं

" अस्पताल में एचआईवी संक्रमित प्रसूता के बारे में मुझे जानकारी नहीं है, मैं जानकारी लेकर ही बता पाउंगा। नियमत: जो जरूरी होगा, वह किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने नहीं कुछ गलत नहीं किया।

**डॉ. कौशल साहू,** एएम हॉस्पिटल भिलाई-चरोदा

### एचआईवी के मामले में काउंसलर का होना आवश्यक

" एचआईवी संक्रमित के मामले में काउंसलर का होना आवश्यक है। किन परिस्थितियों में रिफर किया गया, यह स्पष्ट होना चाहिए। यह जिला अस्पताल प्रबंधन की बड़ी चूक है। फिलहाल मरीज की देखरेख के लिए मैंने कहा है। जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**रमा पटेल,** क्वार्डिनेटर छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति

# भिलाई आते-आते रह गए मनोज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





■ रोटी, कपड़ा और मकान की सिल्वर जुबली में करना था शिरकत

अपनी यादगार फिल्मों से देशभक्ति का जज्बा जगाने वाले गुजिश्ता दौर के मशहूर और मकबूल अभिनेता और निर्माता निर्देशक मनोज कुमार नहीं रहे। उनके निधन से पूरे देश के साथ कला और साहित्य की राजधानी के रुप में चर्चित भिलाई के लोग भी गमगीन हैं। अस्सी के दशक में जब उनकी फिल्मों का जादू सिनेप्रेमियों के सर चढ़कर बोल रहा था, इस्पातनगरी के लोगों को इस लीजेंड्री फनकार का दीदार होते होते रह गया। लेकिन लोगों के दिलों में राज करने वाले भारत कुमार की फिल्मों के रुहानी गीत के सृजन से जुड़ी यादें अब तक तरोताजा हैं।

अपनी फौलादी संस्कृति के लिए देश दुनिया में प्रसिद्ध भिलाई में कई कलाकार और नामचीन हस्तियां आईं। लेकिन अपने अभिनय और फिल्मों से कई दशकों तक सिनेप्रेमियों के दिलों में राज करने वाले फिल्म अभिनेता मनोज कुमार भिलाई आते आते रुक गए। नई पीढ़ी के लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि भारत कुमार अपनी मशहूर फिल्म रोटी कपड़ा और मकान की सिल्वर जुबली फिल्म के समारोह में भिलाई आने वाले थे। विजय टाकीज में प्रदर्शित इस फिल्म की सिल्वर जुबली समारोह के लिए उन्हें बुलाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। लेकिन अपनी क्रांति फिल्म की तैयारी के कारण तीन दिन पूर्व उनका भिलाई आगमन स्थगित हो गया। फिल्मों के फिल्मों पोस्टर व पब्लिसिटी के क्षेत्र में काम करने वाले रिसाली से के दीपक राज चावला बताते हैं कि मनोज कुमार के भिलाई आगमन के पोस्टर भी लग चुके थे। लेकिन क्रांति फिल्म की तैयारी में व्यस्त होने से सेक्रेटरी ने क्षमायाचना के साथ नहीं आने का फोन किया। व्यंकटेश्वर टाकीज भिलाई के पैंसठ वर्षीय कर्मचारी सुखीराम बताते हैं कि रोटी कपड़ा मकाने के बाद यहां प्रदर्शित उत्तम टाकीज में मनोज कुमार की क्रांति फिल्म को देखने दर्शक उमड़े थे। यह फिल्म भी बीस सप्ताह से अधिक चली थी। विजय, उत्तम और सपना टाकीज अब बंद हो चुके हैं।

### गीतकार संतोष आनंद ने साझा की थी इक प्यार का नगमा की यादें

शहीद, उपकार और पूरब पश्चिम जैसी देशभक्ति की फिल्मों के जादूगर मनोज कुमार की 70 के दशक में आई फिल्म शोर के रुहानी गीत इक प्यार का नगम है... सुनकर दिलों के तार झनझना उठते हैं। इस गीत के सृजन से मनोज कुमार ही नहीं बल्कि स्वरकोकिला लता दीदी की यादें भी जुड़ी हैं। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में भिलाई आए मशहूर गीतकार संतोष आनंद ने बताया था कि मुंबई में इक प्यार के गीत की रिकार्डिंग के लिए मनोज व मुकेश के साथ संगीतकार कल्याणजी आनंजी जी लता का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान समुद्र में ऊंची हाइटाइट छोटे मोटे तूफान का रुप ले रही थी। जब मनोज कुमार व संगीतकार ने लता को फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि तूफान आ रहा है कैसे आऊं। फिर वहीं बैठे गीतकार संतोष आनंद ने गीत में तूफान को आना है आकर चले जाना है ...एक अंतरा जोड़ दिया। बारिश थमने पर पहुंची लता व मुकेश ने जब यह यादगार गीत रिकार्ड किया तो सभी की खुशी का ठिकाना नहीं था।

# एस्ट्रोनॉमिकल टेलीस्कोप से आज देखेंगे जूपिटर और उसके चांद

■ आम लोगों में व्याप्त अंध विश्वास और उनका निराकरण

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा भिलाई इकाई और ए ई एफ भिलाई द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार की शाम 5.30 बजे से उतई के पास ग्राम डूंडेरा में स्थित राष्ट्रीय भारती हाई स्कूल में आम लोगों में व्याप्त अंध विश्वास और उनका निराकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस व्याख्यान के साथ-साथ विद्यार्थियों को एस्ट्रोनॉमिकल टेलीस्कोप से पृथ्वी ग्रह के चंद्रमा के क्रेटर्स, हमारे सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह जुपिटर के चार चन्द्रमा और लाल ग्रह मंगल का अवलोकन कराया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, भिलाई स्टील प्लांट के पूर्व सी जीएम एल उमाकांत, एईएफ के अध्यक्ष और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक प्रभाकर खोबरागड़े, बी एस पी के उच्च अधिकारी एस पी निगम, बी बाला, सुधीर रामटेके, उदय खरात, विज्ञान सभा भिलाई के सदस्य जी डी राउत, अशोक ढवले, प्रदीप सोम कुंवर, चित्रसेन कोसरे, वासुदेव, एल सांगोंडे, संजय मेश्राम उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय भारती स्कूल के प्रिंसिपल बी आर मौर्य ने इस अवसर पर विद्यार्थियों और उनके पालकों को उपस्थित रहने कहा है।

# सिम के नाम पर ठगी, जुर्म दर्ज


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आधार, सिम और ऑनलाइन बायोमैट्रिक कर फर्जी तरीके से दूसरे को सिम आबंटित कर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 419 भादवि टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3) (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम कोटनी दुर्ग निवासी हीरा सिंग ठाकुर अप्रैल 2018 में आरोपी विक्की देवांगन के द्वारा उसके नाम से सिम नंबर, आधार कार्ड लाइव फोटो,बायोमैट्रिक लेकर उसके नाम से सिम उसके जानकारी के बिना अन्य व्यक्ति को बेच कर ठगी किया। इंदिरा मार्केट इंदिरा गांधी मुर्ति के पास आईडिया कंपनी का सिम बेचने वाले विक्की ने हीरा सिंग के जानकारी के बिना एक आईडिया सिम उसके नाम का दूसरे को बेच दिया। सिम बेचने वाला विक्की देवागंन प्रोसेस पुरा नही होने का झांसा देकर दो बार लाईव फोटो व बायोमैटिक कर ठगी किया।













हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 टाई-डाई की वापसी

## लाइव इवेंट

### पुराणों की कथाएं आज भी प्रासंगिक, इसलिए इसे अवश्य पढ़ें, हर समस्या का निराकरण निहित



**भिलाई।** परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर रिसाली में चैत्र नवरात्रि के सप्तमी तिथि के अवसर पर परमेश्वरी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन ने मुख्य यजमान हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ माता परमेश्वरी एवं देवी भागवत पुराण की आरती की। व्यास पीठ से आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने सप्तमी तिथि को सृष्टि वर्णन, तुलसी उत्पत्ति, मां परमेश्वरी कथा, स्कंदमाता, कात्यायनी कथा पर रोचक शैली में विस्तार से प्रकाश डाला। संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन में श्रद्धालु झूम झूम कर थिरकते रहे।

आचार्य नीलेश शर्मा ने कहा कि आध्यात्म जीवन को सुगम, खुशहाल एवं सार्थक बनाता है। धन की सार्थकता तभी है, जब उसका एक अंश जनहित एवं परोपकार में लगाया जाए। पुराणों की कथाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इसलिए पुराण अवश्य पढ़ें। हर समस्या का निराकरण पुराणों में निहित हैं। परिवार को एकजुट एवं खुशहाल रखना है तो भोजन एवं भजन एक साथ करें। उन्होंने कथा में माता भगवती के परमेश्वरी, शताक्षी, शाकंभरी आदि स्वरूपों का मनभावन वर्णन किया। आचार्य ने वर्तमान समय में भी आध्यात्मिकता और पौराणिक परंपरा का निर्वहन करने के लिए देवांगन समाज की महिलाओं की प्रशंसा की। उन्होंने गऊ माता के महत्व एवं दूध सहित पंचगव्य की औषधिक उपयोगिता को प्रतिपादित किया। मंदिर में कथा के बाद जसगीत की धूम रही।



● तीन दिवसीस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आज हवन और कन्या भोज, कल चैत्र शुक्ल की नवमी पर मनेगा जन्मोत्सव

# श्रीराम चौक में वनवासी राम की आदमकद प्रतिमा स्थापित, प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा, शाम को भजन, भंडारे में बंटा दोसा

श्रीराम चौक कोहका में वनवासी राम की आदम कद प्रतिमा स्थापित की गई। शनिवार यानी 5 अप्रैल को इस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पहले शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने शहर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान तालाब में पहुंचकर देवी-देवताओं को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही तालाब से जल लाया गया। आयोजित कलश यात्रा में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाडेय, भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा प्रमुख रूप से मौजूद थे। शाम के समय आयोजन स्थल पर भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों को दोसा का प्रसाद खिलाया गया।

**भिलाई।** आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। शाम के समय भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ, जिसमें अखंड मानस का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारा भी हुआ। 5 अप्रैल को सुबह से ही अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विद्यवान पंडितों के माध्यम से हवन-पूजन और अन्य अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। इसके अलावा कन्या भोज का विशाल आयोजन किया जाएगा। इसमें सैकड़ों कन्याओं की पूजा-अर्चना के बाद भोजन कराया जाएगा। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। जनगायन और झांकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभावान सम्मानित किए जाएंगे। 6 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकलेगी, तो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल में समाप्त होगी। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि आयोजन में सभी के प्रतिष्ठितजनों, सांसद, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है।









### राम नवमी पर जगह-जगह शोभायात्रा और भंडारा का होगा आयोजन

राम नवमी के दिन जगह-जगह शोभायात्रा और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। दुर्ग शहर के गांधी चौक सदर बाजार स्थित सीताराम पंचायती मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दो दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की शुरुआत 6 अप्रैल से होगी। दूसरे व अंतिम दिन 7 अप्रैल को दोपहर 4 बजे मंदिर से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के लिए सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर, आदि शक्ति मां जगदंबा मंदिर महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7, मां शारदा मंदिर सेक्टर 1, सत्ती चौरा चंडी मंदिर दुर्ग, शीतला माता मंदिर सुपेला, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, बघुआ मंदिर रामनगर, माता शीतला व काली मंदिर संतोषी पारा सहित सभी देवी मंदिरों को रंग-बिरंगी लाईटों व झालरों से सजाया गया है। गजानन महाराज मंदिर आमदी नगर हुडको में रामनवमीं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंडल के सदस्य वसंत कापरे ने बताया कि नवरात्रि चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा से गुढ़ी पाड़वा गजानन महाराज मंदिर आमदी नगर हुडको में मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे गणपति पूजन, पूण्यहवाचन, कलश स्थापना व अभिषेक से धार्मिक आयोजन प्रारंभ होगा। शाम 6 से 8 बजे तक रामायण में व सातों कांड के संदर्भ में प्रवचन किया जायेगा। गुजराती समाज सेक्टर 4 माँ वैष्णवी मंदिर के अध्यक्ष ललित पंड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि महा अष्टमी पूजन शनिवार को सुबह 8.30 से 11 बजे तक पूजन एवं 11 बजे से 12 बजे तक हवन यज्ञ- पूर्णाहुति, 12 बजे से 1.30 बजे तक हवन आरती, जनता भोज एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने जीता रजत पदक




**भिलाई।** तीसरी राष्ट्रीय सीनियर फास्ट फाइव प्रतियोगिता चंडीगढ़ के पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अपने पहले मैच में झारखंड की टीम को 34-12 से हराया। दूसरे मैच में राजस्थान के हाथों 41-24 से हार झेलनी पड़ी। पूल में दूसरे नंबर पर आकर प्री क्वार्टर फाइनल का मुकाबला तेलंगाना से खेलने पड़ा। एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम ने एक पॉइंट 31-30 से यह मुकाबला अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का मैच महाराष्ट्र से हुआ। इसमें एक तरफा मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने महाराष्ट्र को 27-15 से मैच हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ टीम का सेमीफाइनल मुकाबले चंडीगढ़ की टीम से हुआ। होस्ट टीम से मुकाबला काफी रोमांचित रहा। इस रोमांचक मैच में छत्तीसगढ़ टीम ने 37-22 से मेजबान चंडीगढ़ की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ के सीनियर खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई। इसमें कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, मनोज साहू इन खिलाड़ियों का इस मैच में काफी शानदार प्रदर्शन के चलते टीम फाइनल में प्रवेश किया। टीम का फाइनल मुकाबला पिछले वर्ष की विजेता टीम हरियाणा से हुआ। हरियाणा के टीम ने शुरू से ही इस मैच में अपना पकड़ बनाए रखी। फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के टीम को 42-38 से हराया छत्तीसगढ़। टीम में रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग, बालोद, बलौदा बाजार भाटापारा, जिले के खिलाड़ी शामिल थे।

## गर्मी के दिनों में पशु-पक्षियों के लिए किया दाना-पानी का इंतजाम, लोगों से भी अपील

**दुर्ग।** जिला भारत स्काउट गाइड द्वारा बढ़ती गर्मी के बीच पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी के इंतजाम किया। छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव , जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला आयुक्त वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में यह अनोखी पहल की गई। आयोजित कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त स्काउट बालक दास राऊत, जिला संगठन आयुक्त गाइड अमिता हसमुख, रोवर गोवर्धन यादव ने पशु-पक्षियों को दाना पानी मिट्टी के बर्तन के इंतजाम किए। प्राचार्य पुष्पा रामटेके ने जनजागृति अभियान चलाया। दाऊ स्वः प्यारेलाल बेलचंदन स्कूल तिरंगा के रोवर्स रेंजर ने घर-घर जाकर भीषण गर्मी से बचाने हेतु दाना व पानी की व्यवस्था करने का संदेश दिया। इस दौरान सकोरा का वितरण भी किया गया।





## सिटी इवेंट

### मां सतरूपा शीतला मंदिर में भजन संध्या शामिल हुए ग्रामीण विधायक चंद्राकर



**दुर्ग।** सतरूपा शीतला मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित माता के जगराता संध्या भजन रंग झरोखा कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। ललित चंद्राकर ने कहा कि चैत्र माह के प्रथम दिन से हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ होता है, जो नव ऊर्जा, नव संकल्प और नव चेतना का प्रतीक है। इसी दिन से शक्ति उपासना के पर्व नवरात्रि का आरंभ भी होता है, जो पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ की देवी परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि मां शीतला, मां दंतेश्वरी, महामाया, बम्लेश्वरी, कंकाली, बिलईमाता, चंद्रहासिनी देवी जैसे देवी स्वरूपों में हमारी आस्था रची-बसी है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन दिनों में छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, साधना और शक्ति के रंग में रंग जाती है। देवी आराधना से सामाजिक समरसता, ऊर्जा और आंतरिक चेतना का संचार होता है। विधायक चंद्राकर ने मां भगवती से प्रार्थना की कि उनकी कृपा से प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और सभी परिवारों में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, विनोद कुमार चंद्राकर, अजय तिवारी, मनीष कोठारी, सरिता चंद्राकर, महेंद्र पिंटू चोपड़ा, रितेश जैन सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 7 को, गजेंद्र होंगे मुख्य अतिथि

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज दुर्ग का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से आयोजित है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव होंगे। विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र परिहार मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में अपर संचालक डॉ. राजेश पांडेय, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में आयोजित किया जाएगा।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा लगातार 40वें वर्ष हो रहा भव्य आयोजन

## रामनवमी पर जिले के 2.5 लाख परिवारों से संग्रहित अन्न से बनेगा महाप्रसाद, लेजर लाइट शो होगा आकर्षण का केंद्र

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 06 अप्रैल को भव्य रूप से राम नवमी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के 2.5 लाख से अधिक परिवारों से संग्रहित अन्न से महाप्रसाद बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विशेष अतिथि समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय और मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी, श्री पाटेश्वर धाम उपस्थित रहेंगे। श्रीरामनवमी के इस आयोजन हेतु समिति द्वारा विगत 24 मार्च से निरंतर तीसरे वर्ष भी एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान भी चलाया गया। समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने कहा कि विगत 4 दशकों से निरंतर चला आ रहा यह आयोजन मध्य भारत के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। इसमें लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं, जो मुख्य रूप से बाबा भोलेनाथ शोभायात्रा, भगवान चतुर्भुजी शोभायात्रा, मां बम्लेश्वरी शोभायात्रा और मां दंतेश्वरी शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल पर एकत्रित होती है। यहां पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके अतिथि विभिन्न प्रखण्डों से झांकियां भी निकाली जाती है, जिन्हें आयोजन स्थल पर पुरस्कृत किया जाता है।



### अभियान में दिखा भिलाईवासियों का समर्पण

समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर ने कहा कि समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष एक मुट्ठी दान -श्रीराम के नाम अभियान चलाया गया। जिसमें पूरे समर्पण भाव से नगरवासियों ने हिस्सा लिया। हर व्यक्ति ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बढ़-चढ़कर दान किया। इसी तरह सभी प्रखण्डों में बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों ने प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था दिखाते हुए इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी प्रत्येक प्रखण्डों से आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी, साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही लेजर लाइट शो का भी आयोजन कार्यक्रम स्थल पर किया जा रहा है।

### 24 मार्च से अब तक 2.50 लाख परिवारों से किया संग्रहित

पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान में विगत 24 मार्च से अब तक जिले के 2.5 लाख से अधिक परिवारों से अन्न संग्रहित किया जा चुका है। इस अन्न से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर महाप्रसाद बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भिलाईवासियों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता दी है, वह अभूतपूर्व है। 06 अप्रैल को होने वाले मध्य भारत के इस सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। आयोजन संबंधी सारी तैयारियों के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था। वहीं समिति के मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपने - अपने प्रखण्डों में आमजनों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस वर्ष सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए रूट का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेंगी। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, जिलाध्यक्ष मदन सेन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिला महामंत्री गण बसंत प्रधान ,जोगिंदर शर्मा ,दीपक मिश्रा , अरविंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट


# मंदिर और घरों में बंदनवार व दीप सजाकर किया नववर्ष का स्वागत



**दुर्ग।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् दुर्ग की संगठन सहयोगी और सनातनी बांधवों द्वारा नव-संवत्सर आरंभ का उत्सव मनाया गया। इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये संगठन के प्रदेश संयोजक पं. रामानुज तिवारी ने बताया कि विक्रम संवत 2082 एवं चैत्र नवरात्रि आरंभ के अवसर पर दुर्ग जिलो के मंदिरों एवं घरों के मुख्य द्वार में आमपत्र फूलों से बने बंदनवार को पंचोपचार पूजन कर लगाया गया। शाम को इन सभी जगहों में नववर्ष के स्वागत में दीपक प्रज्वलित किये गए। समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् छत्तीसगढ़ की प्रदेश संगठन विस्तार प्रमुख अनुसुईया झा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष सनातन संस्कृति एवं परंपरानुसार भारतीय नववर्ष मनाने के लिये विगत एक माह से पूरे देश में संगठन द्वारा घर-मंदिर बंदनवार सजायेंगे, हिन्दू नववर्ष नूतन संवत्सर मनायेंगे अभियान का आव्हान किया था। इस आयोजन में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के मस्तक पर कुमकुम तिलक लगाकर हिन्दू नववर्ष की बधाई दी। विक्रम संवत 2082 के आरंभ एवं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन संगठन के सदस्यों ने सुबह अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में पहुंचकर पंचोपचार से पूजित बंदनवार लगाया गया और शाम को दीपक जलाकर नववर्ष की खुशियां मनाई।इस आयोजन में उषा रानी शुक्ला, प्रीति तिवारी, नुपूर तिवारी, अनिता सिंह, ममता शुक्ला, अनामिका तिवारी, प्रिति तिवारी, कुसुम शर्मा सहित दुर्ग निवासी अधिकांश संगठन सहयोगियों की सहभागिता रही।

## एजुकेशन लाइव

# ऑल इंडिया योगासन स्पर्धा का शिक्षिका वर्षा ने किया प्रतिनिधित्व



**भिलाई।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2024-25 का शिक्षिका वर्षा यादव ने प्रतिनिधित्व किया। ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता का आयोजन मार्च महीने में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सेक्टर- 42 चंडीगढ़ में हुआ था। इसके लिए छत्तीसगढ़ में चयन प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम रायपुर में आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता 40 वर्ष से नीचे वर्ग, 40 से 50 वर्ष वर्ग एवं 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए प्रतियोगिता का चयन किया गया। 40 वर्ष से नीचे वर्ग में शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा टैंक की सहायक शिक्षिका वर्षा यादव और आबकारी आरक्षक दुर्ग चित्तेश्वरी ध्रुव का चयन ऑल इंडिया योगासन प्रतियोगिता में रिदमिक पेयर के रूप में हुआ था। चंडीगढ़ में आयोजित योगासन प्रतियोगिता में वर्षा यादव सहायक शिक्षिका और चित्तेश्वरी ध्रुव आबकारी आरक्षक ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। वर्षा यादव शिक्षक के रूप में पढ़ाई के साथ-साथ योगासन के क्षेत्र में भी विशेष रुचि रखती है ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में उनका यह दुसरा नेशनल योगासन प्रतियोगिता था। वे बच्चों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही वे स्वयं भी प्रतियोगिता में भाग लेती है। वर्तमान में वह एथलेटिक्स में जिला स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल हैं।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# पॉवर लिफ्टिंग पुरूष-महिला टीम ऑल इंडिया स्पर्धा में लेंगे भाग



**भिलाई।** यूनिवर्सिटी ऑफ काश्मिर में 4 से 7 अप्रैल तक आयोजित ऑल इंडिया पॉवर लिफ्टिंग पुरूष- महिला प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया। टीम के सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। इस टीम के जनरल मैनेजर क्षेत्रपाल चन्द्राकर व पुरूष टीम प्रशिक्षक राज वासनिक उतई व महिला टीम प्रशिक्षक पुजा नायक बालोद है। टीम में मोनिका शासकीय एन.सी.जे. महाविद्यालय दल्लीराजहरा, नूतन शासकीय महाविद्यालय, खुर्सीपार, सिग्नम लावण्या भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई, खुशाल पटेल स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, उवेन्द्र वर्मा कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई नगर, तोकेश वर्मा स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, संजूदास मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, मनीष गौड शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, श्रीनु केवट सेठ आरसीएस महाविद्यालय, दुर्ग, अमन शुक्ला कल्याण पीजी महाविद्यालय भिलाई के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

- हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम लेगी हिस्सा

## सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर दुर्ग में किया गया भव्य आयोजन

# मंगलपाठ में झूम उठी महिलाएं, विवाह रस्मों का किया मंचन, भजनों की प्रस्तुति में झूमते हुए भक्त हुए भाव-विभोर



**भिलाई।** दादी आई है, मेरी मैया मेरे घर आई रे, आज है दादी अमावस्या', श्रीराणी सती दादी की जय, दे दे थोड़ा प्यार दादी जैसे भक्ति भजनों पर महिलाएं जमकर झूमते हुए दिखाई दी। मौका था दादी परिवार सत्तीचौरा दुर्ग में आयोजित माँ दुर्गा मंदिर महिला समिति द्वारा आयोजित राणी सती दादीजी के मंगलपाठ का। श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर, गंजपारा, दुर्ग के 15वें वार्षिकोत्सव एवं चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर सातवें दिन दादी राणी सती के मंगलपाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में चुनरी प्रिंट वाली साड़ी पहनकर महिलाएं माता का आराधना करने मंदिर पहुंची। जहां सभी ने माता के दरबार पर नृत्य कर अपने भाव प्रकट किए।

### भजनों ने किया भाव-विभोर

महोत्सव में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध भजन गायिका ममता अग्रवाल ने अपने सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंगल महोत्सव में महिलाओं ने भी दादी का मंगल पाठ किया। समिति की महिला सदस्य प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि मंगल पाठ के दौरान दादीजी के जन्म प्रसंग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने उपहार के रूप में चाकलेट, खिलौने, मिठाइयां, लड्डू व अन्य वस्तुएं बांटी एवं शिक्षा की रस्म में सभी उपस्थित छोटे छोटे बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया गया।



### दादी के विवाह रस्म का किया मंचन

कथा में दादीजी के विवाह रस्म आयोजक समिति ने सभी उपस्थित महिलाओं को मेंहदी एवं हल्दी लगाई और सती होने तक की सभी रस्मों का मंचन किया गया। जिसमें मेहंदी रची थारी हाथा मा,,, गाने में सभी महिलाएं झूमती रही। उसके बाद दादी के मंगल विवाह प्रसंग में सभी महिलाओं को चुनरी भेंट की गई। जिसे पहनकर सभी महिलाएं माता के विवाह में शामिल हुई और माता की चुनरी पहनकर बारात में नाचने झूमने लगी। कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा और बालाजी महाराज के भजनों का भी सुमधुर गायन किया गया। जिसमें देर रात तक महिलाएं झूमती रही। महोत्सव में अखंड ज्योत, जन्मोंत्सव, बधाई उत्सव, विवाह उत्सव, मुकलावा उत्सव व महाप्रसादी आकर्षण का केंद्र रहा। माता का गाना नाचो गाओ,, खुशी मनाओ झूमो रे सब आज, मां आई घर अपने सब मंगल गाओ रे गा कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छोटे-छोटे बच्चों को आकर्षक झांकी के रूप में सजाया गया था, जिसे देख सभी भक्त झूम उठे। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने महिलाओं के साथ मिलकर सुंदर भजनों में नृत्य भी किया।



### आज माता को लगेगा 56 भोग

आज अष्टमी तिथि के अवसर पर दोपहर 12 बजे माता को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जायेगा। जिसका दर्शन शाम 7 बजे होगा और 7.15 बजे माता की महाआरती की जायेगी। रात्रि में अष्टमी हवन, पूजन कर पूर्णाहुति होगी। मंगलपाठ के आयोजन में मीना अग्रवाल, शांता भूतड़ा, डॉ मानसी गुलाटी, ममता टावरी, अर्चना शर्मा, सरिता शर्मा, अनिता अग्रवाल, किरण शर्मा, नंदनी भूतड़ा, चंचल, ललित शर्मा, सुमन शर्मा, किरण सेन, प्रतिभा पुरोहित, इंदु भूतड़ा, स्वीटी गुप्ता, प्रज्ञा शर्मा, प्रगति शर्मा, गायत्री शर्मा, सिंधु सेन, अम्बिका पांडेय, सुमन शर्मा, प्रेमलता शर्मा, अनिता शर्मा, मनोरमा शर्मा, सारिका शर्मा, अन्नू फुलबाज, सुनीता अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, नीलू पंडा, रूकमणी गुप्ता, शोभा गुप्ता, सीमा शर्मा, इंद्राणी साहू, मधु शर्मा, अनोखी शर्मा, कविता शर्मा, आभा शर्मा, बबिता गुप्ता, कल्पना राजपूत, लक्ष्मी यादव, पिंकी साहू, ममता शर्मा, ममता अग्रवाल, रचना खण्डेलवाल, कुलेश्वरी जायसवाल, संध्या वर्मा सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

## सम्मान...

# राम साहित्य के बिना भारतीय ज्ञान परंपरा अधूरी अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन का आयोजन

**भिलाई।** इस्पात नगरी निवासी धर्म-संस्कृति और साहित्य विद आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं रामायण केन्द्र भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन भोपाल में शोध लेख प्रस्तुत किया।

नयी शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में पूरे देश के उच्च शिक्षा संस्थानों एवं सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध संगोष्ठी आदि का दौर जारी है। इस अन्तर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में भारत के साथ चीन, श्रीलंका और त्रिनिदाद टोबैगो आदि देशों से आये विद्वानों के बीच आचार्य महेश ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने बताया कि ऋषि प्रधान और कृषिप्रधान भारतवर्ष की ज्ञान परंपरा श्रीराम के बिना अधूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि विभीषण घर का भेदी नहीं था। परिवार प्रेमी और देशभक्त विभीषण के सुझावों को न मानकर उसका सार्वजनिक अपमान करने से ही रावण और लंका का सत्यानाश हुआ। डॉ. शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा मूलतः वैदिक साहित्य परक महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास के कालजयी महाकाव्यों रामायण और रामचरितमानस से प्रभावित और प्रेरित है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भारतीय संस्कृति के आदर्श महानायक हैं। रावण वध के पश्चात वे शिष्टाचार पूर्वक विभीषण को उसके अंतिम संस्कार के लिए कहते हैं, बैर तो उसकी मृत्यु के साथ समाप्त हो गया। डॉ. शर्मा के शोध-पत्र की सभी ने सराहना की। आयोजकों द्वारा शॉल-श्रीफल भेंट कर उनका अभिनन्दन भी किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के कार्य अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य पं.रघुनन्दन शर्मा, रामायण केन्द्र भोपाल के निदेशक डॉ.राजेश श्रीवास्तव, पं.प्रभुदयाल मिश्र, सम्पादक तुलसी मानस भारती देवेन्द्र कुमार रावत, राष्ट्रीय तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ.मोहन तिवारी आनन्द, निराला सृजन पीठ अध्यक्ष डॉ.साधना बल्वटे, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री-संचालक कैलाश चन्द्र पन्त एवं कला मंदिर भोपाल के पं.गौरीशंकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में राम कथा मर्मज्ञ एवं शिक्षाविद् उपस्थित थे।



## शैक्षणिक भ्रमण

# औद्योगिक उपकरणों की कार्यप्रणाली व व्यावहारिक ज्ञान की मिली जानकारी



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों ने एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, दुर्ग का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक उपकरणों की कार्यप्रणाली और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों की समझ प्रदान करना था।

भ्रमण के दौरान, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग के विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया और उनकी कार्यप्रणाली को विस्तार से समझाया। जिनमें मुख्य रूप से सोलर पैनल, सौर ऊर्जा रूपांतरण और उसके अनुप्रयोगों की जानकारी, हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिस्टम, जल ऊर्जा द्वारा विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ऑटोमेशन विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और नियंत्रण प्रणालियों का व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल था।

विद्यार्थियों ने बताया कि यह औद्योगिक भ्रमण उनेक लिए ज्ञानवर्धक रहा और उन्हें सैद्धांतिक अवधारणाओं से परे वास्तविक दुनिया में इन तकनीकों के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी मिली। आयोजन में प्राध्यापक डॉ. नम्रता गाइन, डॉ. काजोल दत्ता, प्रियंका साहू, मेघा, सीबी कुशवाहा, श्वेता कुमारी, रॉलिक बेंज़ामिन दास सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

**भारती विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थी हुए शामिल**

## नवरात्रि पर आरंभ टीम का आयोजन

# भक्ति और उत्साह के साथ भक्तों ने निकाली चुनरी यात्रा, लगाए माता के जयकारे

कार्नर न्यूज



भिलाई। नवरात्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आरंभ टीम द्वारा चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माँ दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यात्रा का आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया, जिसमें विशेष रूप से पूर्व पार्षद भागचंद जैन, मनीष पांडेय, नितेश मिश्रा, हरिंदर यादव, राम कुमार राय, त्रिनाथ राव, योगेंद्र सिंह सहित अनेक व्यक्तियों की उपस्थिति रही। चुनरी यात्रा का शुभारंभ माँ दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की चुनरी अर्पित कर अपनी मनोकामनाएँ प्रकट कीं। पूरे रास्ते में भक्ति और उत्साह के साथ ने यात्रा को भक्ति और उल्लास से भर दिया।



### भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार

इस दौरान श्रद्धालुओं और युवाओं ने श्रद्धा भाव से इस यात्रा में भाग लिया और माँ दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक नागेश्वर यादव ने बताया कि चुनरी यात्रा का उद्देश्य भक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना और समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस यात्रा के माध्यम से हम माँ दुर्गा की कृपा का अनुभव करते हैं और समाज को एकता, भक्ति और सेवा का संदेश देते हैं। इस अवसर पर अक्षय, मोहित, पृथ्वी, रितेश, अंकित, आशीष, आयुषी, ऋचा सहित कई अन्य भक्तों ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आरंभ टीम ने इस चुनरी यात्रा के आयोजन में उपस्थित लोगों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया था।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'कराटे किड लीजेंड्स' में जैकी चैन के साथ राल्फ मैकियो भी आएंगे नजर



मशहूर 'कराटे किड' फ्रेंचाइजी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' का ऑफिशियल ट्रेलर सोनी ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में पुराने हीरो राल्फ मैकियो फिर से डेनियल लारूसो की भूमिका में नजर आएंगे। वह साल1984 की मूल फिल्म का हिस्सा थे। वहीं, इस फिल्म में उनके साथ जैकी चैन भी होंगे, जो 2010 की रीमेक फिल्म में मिस्टर हान बने थे।

इस फिल्म के नए ट्रेलर ने खबर लिखे जाने तक सात लाख 44 हजाह से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं। फिल्म की कहानी 'कोबरा काई' के आखिरी सीजन के तीन साल बाद की है। फिल्म में बेन वांग एक युवा कुंग फू फाइटर ली फॉन्ग का किरदार निभा रहे हैं। परिवार में एक दुखद घटना के बाद ली अपनी मां के साथ बीजिंग से न्यूयॉर्क शहर चला आता है। नई जगह पर उसे स्कूल में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वह झगड़ों से बचने की कोशिश करता है, लेकिन हालात उसे मजबूर कर देते हैं। जब उसका दोस्त मुसीबत में फंसता है तो ली एक कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला करता है।

हालांकि, ली के कुंग फू स्किल्स अकेले काफी नहीं हैं। उसे तैयार करने के लिए मिस्टर हान (जैकी चैन) अपने पुराने दोस्त डेनियल लारूसो (राल्फ मैकियो) की मदद लेते हैं। दोनों मिलकर ली को ट्रेनिंग देते हैं और कराटे व कुंग फू को मिलाकर एक नया स्टाइल बनाते हैं। ट्रेलर के आखिर में डेनियल ली से कहते हैं, ₹याद रखो, तुम किस लिए लड़ रहे हो। जब यह समझ आ जाएगा तो तुम तैयार हो जाओगे।

### टॉलीवुड

## दिनेश की फिल्म में फहद फासिल की एंट्री, कई अभिनेता आएंगे नजर



दक्षिण के सुपर स्टार फहद फासिल जल्द ही शोभिता धुलिपाला के साथ एक तमिल फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनका बेहद ही खास रोल होगा। उनके साथ इस फिल्म में कई अभिनेता नजर आएंगे।

शोभिता धुलिपाला ने कई हिंदी, तेलुगु, मलयालम और तमिल फिल्मों में काम किया है, जिनमें ₹गुडाचारी₹ से लेकर ₹मेजर₹, ₹पोन्नियिन सेलवन 1₹, ₹पोन्नियिन सेलवन 2₹ और ₹द नाइट मैनेजर₹ जैसी फिल्में और सीरीज शामिल हैं। अब वहीं शोभिता एक और अनाम तमिल फिल्म के लिए कमर कस रही हैं, जिसमें उनके साथ कई अभिनेताओं की टुकड़ी नजर आएगी। शोभिता धुलिपाला तमिल मशहूर डायरेक्टर पा. रंजीत की नई फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में दिनेश मुख्य अभिनेता होंगे और आर्या विलेन का किरदार निभाएंगे। अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन इसमें अशोक सेलवन और फहाद फासिल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

शोभिता धुलिपाला एक भारतीय सुपरमॉडल, पूर्व मिस अर्थ इंडिया और अभिनेत्री हैं, जिन्होंने हिंदी, मलयालम, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। शोभिता ने इकोनॉमिक्स में मास्टर्स की डिग्री ली है। मॉडलिंग से शोभिता ने अपना करियर शुरू किया था। 2013 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था। शोभिता को 2016 में बॉलीवुड फिल्म 'रमन राघव 2.0' में अभिनय किया।

### भोजपुरी

## जबरदस्त वीएफएक्स और धुआंधार एक्शन के साथ 'भाईजान' का ऐलान



भोजपुरी सिनेमा की प्रोडक्शन कंपनी रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट ने ईद के अवसर पर अपनी नई फिल्म 'भाईजान' का ऐलान किया है। यह फिल्म इस प्रोडक्शन का एक प्रोजेक्ट है, जिसमें तगड़े एक्शन सीन्स और अनूठी कहानी का दावा किया जा रहा है। इस फिल्म के प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2025 से शुरू होगी।

निशांत उज्जवल ने कहा, 'भोजपुरी फिल्म 'भाईजान' भोजपुरी सिनेमा के लिए एक नई मिसाल कायम करेगी। हम दर्शकों को कुछ अलग और यादगार देने जा रहे हैं। फिल्म की तैयारियां जोरों पर हैं और हम जल्द ही मुख्य कलाकारों के नाम की घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में नए बेंचमार्क स्थापित करेगी। निशांत उज्जवल ने कहा, ₹'भाईजान' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भोजपुरी सिनेमा के लिए हमारा विजन है। हम इस प्रोजेक्ट पर पिछले एक साल से काम कर रहे हैं और इसे पूरी तरह से नए फॉर्मेट में पेश करेंगे।'

फिल्म में दर्शकों को रोमांचक एक्शन सीन्स, मनोरंजन से भरपूर कहानी, भोजपुरी संस्कृति की झलक और हाई टेक्नोलॉजी वाले विजुअल इफेक्ट्स दिखेंगे। यह फिल्म भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले प्रोजेक्ट के रूप में देखी जा रही है। रेणु विजय फिल्म्स की यह पहल भोजपुरी सिनेमा के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। ऐसे में देखना होगा कि फिल्म जब रिलीज होगी तो बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करेगी।




## टाई-डाई की वापसी

60 का दशक रंग और व्यक्तित्व के उत्सव के लिए जाना जाता था। तब टाई-डाई ट्रेंड में था। टाई-डाई एक ऐसी कला है जिसमें कपड़े पर अनोखे डिज़ाइन बनाने के लिए धागे के विभिन्न रंगों का उपयोग किया जाता है। अब इस नए दौर में यह ट्रेंड फिर एक बार जोर पकड़ रहा है। टाई-डाई तब व्यक्तित्व को जाहिर करने का एक बेबाक उत्सव था, जिसमें प्रत्येक पैटर्न उतना ही अनूठा था जितना कि उसे पहनने वाला व्यक्ति। अब फिर से इसकी धूम मची है।

## इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर इस्तेमाल करने से पहले जान लें नफा-नुकसान

आजकल लंबे और घने बालों के लिए महिलाएं कई तरह के तेल और हेयर मास्क लगाती हैं या फिर कोई थेरेपी लेती हैं। लेकिन आप 'इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर' का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बाजार में अलग-अलग तरीके के स्कैल्प मसाजर मिलते हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर सबसे बेहतर हैं। ये मसाजर रिचार्जेबल लिथियम और आयन बैटरी से चलते हैं, इसलिए उपयोग करने के लिए इन्हें प्लग-इन करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। नरम सिलिकॉन से बना यह मसाजर बालों को खींचने या उलझने से रोकता है और त्वचा को चोट पहुंचाए बिना आपको आराम पहुंचाता है। इसमें छोटे-छोटे मोशन और वाइब्रेशन करने वाले उपकरण लगे होते हैं, जो सिर की त्वचा पर हल्के दबाव से मसाज कर मांसपेशियों को रिलैक्स करते हैं।

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली के सीनियर रेजिडेंट, त्वचा विज्ञान विभाग डॉ. अमित कुमार मीणा का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर बालों के विकास के लिए लाभकारी हैं। इससे बालों को ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से सिर में खुजली हो सकती है और बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। अगर आपको बालों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या है तो पहले आप अपने डॉक्टर से सलाह लें और उनकी सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करें। अगर आपको कैंसर या एपिलेप्सी की परेशानी है तो लगातार स्कैल्प मसाजर का इस्तेमाल न करें। वहीं अगर आपको स्कैल्प में कोई सूजन,



गांठ या कहीं कोई कट लगा है तो मसाजर का इस्तेमाल करने से परहेज करें। यह आपकी परेशानी को बढ़ा सकता है।

## गर्मियों में खूब फबेगी चिकनकारी कुर्ती बस इसे सही तरीके से करना है स्टाइल



3 गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं इस मौसम में इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं कि वो ऐसा क्या पहनें, जिसे पहनकर स्टाइलिश भी दिखें और उन्हें गर्मी भी न लगे। ऐसे में महिलाओं के लिए सबसे सही विकल्प माना जाता है चिकनकारी कुर्ती। ये देखने में भी काफी अच्छी लगती है और इसे पहनकर लुक भी अच्छा दिखता है।



खासतौर पर यदि इसे सही तरह से स्टाइल किया जाए तो आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा दिख सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, कि आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे स्टाइल कर सकती हैं।

### सही होनी चाहिए फिटिंग

यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। यदि आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक ही खराब दिखेगा। ऐसे में अपनी कुर्ती को सही से फिटिंग के बाद ही पहनें।

### जींस के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप ऑफिस में चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसके साथ जींस कैरी कर सकती हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। खासतौर पर यदि आप आरामदायक लुक कैरी करना चाहती हैं तो जींस के साथ चिकनकारी कुर्ती कैरी कर सकती हैं।

### प्लाजो के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप इसके साथ जींस कैरी नहीं करना चाहती हैं तो प्लाजो पहनें। प्लाजो के साथ यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा।

### हल्के रंग का चयन करें

चिकनकारी कुर्ती खरीदते समय ध्यान रखें कि इसे हमेशा हल्के रंग में ही पहना जाता है। हल्के रंग की चिकनकारी कुर्ती गर्मी के मौसम में आपको सहज रहने में भी मदद करेगी और इसे पहनकर आपको गर्मी भी नहीं लगेगी।

## हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखना नाखूनों के लिए गलत

यदि आप हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखती हैं तो पहले इसके नुकसान जान लें। जिस तरह से चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए महिलाएं नाखूनों पर नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। आजकल तो बाजार में कई प्रकार की नेल पॉलिश मिलती है, जो देखने में काफी अलग और खूबसूरत लगती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि नेल पॉलिश के इस्तेमाल से नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचता है।

भले ही आप कितनी भी अच्छी क्लाविटी की नेल पॉलिश इस्तेमाल करें, लेकिन वो नाखूनों को डैमेज कर ही जाती है। बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं है, इसी के चलते आज हम यहां आपको नेल पॉलिश लगाने के नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### नाखूनों को नहीं मिलता सांस लेने का समय

यदि आप लगातार नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाकर रखेंगी तो इससे नाखूनों को सांस लेने का समय नहीं मिलेगा। इसकी वजह से नाखून



कमजोर होने लगते हैं। ध्यान रखें कि यदि आप नाखूनों को थोड़ा बिना नेल पॉलिश के रखेंगी तो इससे वो प्राकृतिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।

### नाखून होंगे ड्राई

लगातार नेल पॉलिश के इस्तेमाल करने से आपके नाखूनों की नमी कम होने लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि कई तरह की नेल पॉलिश में केमिकल्स जैसे टोल्यून, फॉर्मल्डेहाइड आदि तत्व पाए जाते हैं, जो नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे नाखूनों की नमी खत्म होने लगती है, जिस वजह से वो अपने आप ही टूटने लगते हैं।

## गर्मी में चेहरे पर कौन सी क्रीम लगानी चाहिए, आपके लिए जानना जरूरी

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में इस मौसम में त्वचा का सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि इस मौसम में सही स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल न किया जाए तो चेहरा काफी चिपचिप करता है। इसी वजह से हर कोई अपने चेहरे का खास ध्यान रखता है। बहुत से लोग पूरी गर्मी इसी डाउट में रहते हैं कि वो किस तरह की क्रीम लगा सकते हैं, क्योंकि किसी भी तरह की क्रीम के इस्तेमाल से चेहरा चिपचिपाता ही है। इसी के चलते आज हम आपको बताएंगे कि आप कैसी क्रीम का इस्तेमाल गर्मी के मौसम में कर सकते हैं। दरअसल, कुछ क्रीम ऐसी होती हैं, जिनका इस्तेमाल गर्मी के मौसम में करना जरूरी हो जाता है। इसलिए आप भी इसका इस्तेमाल करें और अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाएं।

### हाइड्रेशन प्रदान करने वाली क्रीम

चाहे आपकी त्वचा ड्राई हो या फिर ऑयली, आपको हमेशा ऐसी क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए, जो त्वचा को हाइड्रेट रखे। दरअसल, इस मौसम में



शरीर के साथ-साथ त्वचा भी डिहाइड्रेट हो जाती है, ऐसे में ऐसी क्रीम का इस्तेमाल करें जो डिहाइड्रेशन दूर करे। बस ध्यान रखें कि आपकी ये क्रीम ऑयली नहीं होनी चाहिए। ये जेल बेस्ड होगी तो त्वचा चिपचिपी नहीं होगी।

### 40 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन

गर्मियों के मौसम में त्वचा को धूप की हानिकारक किरणों से बचाना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए आप 40 या 50 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### फैशन के नाम पर नो मेकअप भी पसंद करती हैं लड़कियां

## नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लगेंगी बेहद अजीब

शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। अभी जब गर्मी का मौसम है, तो लड़कियां नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद करती हैं। पर, कई बार नो मेकअप लुक कैरी करते समय वो कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिस वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखना चाहिए।

### हैवी बेस की जरूरत नहीं

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आपको किसी तरह के हैवी बेस की जरूरत नहीं है। नो मेकअप लुक को कैरी करते समय सिर्फ बीबी या सीसी क्रीम का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा की रंगत को समान बनाए रखेगा और हल्का सा कवरेज भी देगा।

### स्किन टोन का ध्यान जरूर रखें

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहते हैं तो इसमें जो भी



मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, वो आपकी स्किन टोन के होने चाहिए। गलत शेड्स या ओवर-मैचिंग से यह लुक नाजुक या अजीब लग सकता है।

### डार्क हैवी ब्लश इस्तेमाल नहीं करें

अब ब्लश का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान रखें कि हैवी ब्लश आपके नो मेकअप लुक को बिगाड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि ब्लश आपकी स्किन टोन के हिसाब से ही हो, ताकि आपका लुक नेचुरल



लगे। ज्यादा डार्क ब्लश आपके लुक को बिगाड़ सकता है।

### लाइनर से रहें दूर

अपने नो मेकअप लुक के साथ यदि काजल लगा रही हैं तो उसे सही से स्मज कर लें। इसके अलावा डार्क आईशैडो की जगह हमेशा ऐसी आईशैडो इस्तेमाल करें जो न्यूड शेड में हो। इसके इस्तेमाल से पहले आंखों के ऊपर कंसीलर का इस्तेमाल कर लें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। नो मेकअप लुक में आपको आई लाइनर की जरूरत नहीं है।

### बोल्ड लिप्स को करें बाय

भले ही आपको कितने भी बोल्ड लिप्स पसंद हों लेकिन नो मेकअप लुक के साथ लिप्स को लाइट ही रखें। इसके लिए न्यूड शेड वाली लिपस्टिक इस्तेमाल करें। नो मेकअप लुक में यदि आप डार्क शेड की लिपस्टिक लगाएंगी तो आपका लुक बिगड़ जाएगा।